फैक्स/क्यू मेल

मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश

1- तिलक मार्ग लखनऊ-226001

परिपत्र संख्याः डीजी-39/2018 दिनांकः जुलाई 21, 2018

सेवा में,

समस्त विभागाध्यक्ष/कार्यालयाध्यक्ष,
पुलिस विभाग, उत्तर प्रदेश ।

हम सभी पुलिस जन समाज के जिम्मेदार सदस्य हैं। यदि हम कोई अनुकरणीय कार्य करते हैं तो जहां एक ओर पुलिस विभाग की अच्छी छवि प्रदर्शित होती है, वहीं दूसरी ओर हमसे प्रेरित होकर समाज के अन्य लोग भी अच्छे कार्यों हेतु अग्रसर होते हैं ।

जैसा कि आप सभी अवगत हैं कि प्लास्टिक एवं पॉलीथीन के बढ़ते उपयोग से पर्यावरण एवं मानव जीवन पर बहुत अधिक प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। यह ऐसे पदार्थ हैं जो हजारों साल तक नष्ट नहीं होते है। प्लास्टिक एवं पॉलीथीन का निर्माण सुविधा के लिए किया गया था, किन्तु इसकी अधिकता से अब पृथ्वी के सभी जीवों के साथ ही जीवन के लिए जरूरी घटकों पर भी दुष्प्रभाव पड़ रहा है। प्लास्टिक एवं पॉलीथीन एक धीमे जहर का काम कर रहा है। इससे कैंसर जैसी बीमारियां भी हो सकती है तथा यह भविष्य में मानव जीवन के पतन का कारण भी बन सकता है। ऐसी स्थिति में सामाजिक उत्थान हेतु हम अपने उत्तरदायित्वों की कड़ी में इसे भी जोड़ते हुए आपसे यह अपेक्षा करते हैं कि पुलिस विभाग के सभी परिसरों एवं कार्यालयों को प्लास्टिक एवं पॉलीथीन से मुक्त बनाने में आप भी अपना अमूल्य योगदान दें ।

उक्त प्रयोजन हेतु आपसे निम्न प्रकार कार्यवाही की अपेक्षा की जाती है :-

- प्लास्टिक से बनी वस्तुओं एवं पॉलीथीन का उपयोग न करें ।
- प्लास्टिक से बनी हुई ऐसी वस्तुओं के प्रयोग से बचें जिन्हें एक बार प्रयोग में लिए जाने के बाद फेंकना पड़े ।
- प्लास्टिक की जगह कपड़े, कागज और जूट से बने थैलों का प्रयोग करें ।
- जब भी आप कोई वस्तु खरीदने जायें तो थैला अपने साथ लेकर जायें, ताकि प्लास्टिक की थैलियों की आवश्यकता न पड़े ।
- प्लास्टिक को स्वयं नष्ट करने की कोशिश नहीं करनी चाहिए क्योंकि इससे प्रदूषण को बढ़ावा मिलता है ।

(ओ0पी0 सिंह)
पुलिस महानिदेशक
उत्तर प्रदेश।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1. समस्त राजपत्रित अधिकारी, मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 ।
2. समस्त अनु0अधि0/गोप0सहा0 एवं शाखा प्रभारी मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 ।